# सड़क किनारे बैठी गाय को स्कॉर्पियो ने कुचला

## तड़प-तड़प कर मौके पर ही मौत, सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई वारदात

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर, 3 जुलाई।** शहर के गोला का मंदिर थाना क्षेत्र के अंतर्गत पंचशील नगर मेला ग्राउंड के पास रईसजादे की बेरहमी और तेज रफ्तार का एक दिल दहला देने वाला वीडियो सामने आया है।

यहाँ अपनी महिला मित्र को छोड़ने आए एक युवक ने लापरवाही और क्रूरता की सारी हदें पार करते हुए सड़क किनारे बैठी एक बेजुबान गाय के ऊपर अपनी सफेद रंग की स्कॉर्पियो गाड़ी चढ़ा दी। गाड़ी का अगला और पिछला पहिया गाय के पेट और गर्दन को कुचलता हुआ निकल गया, जिससे अत्यधिक खून बहने और अंदरूनी चोटों के कारण गाय ने मौके पर ही तड़प-तड़प कर दम तोड़ दिया।

वारदात के बाद आरोपी चालक गाड़ी सहित मौके से फरार हो गया। यह पूरी घटना पास में लगे एक सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसका फुटेज सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में स्पष्ट दिख रहा है कि सड़क के बीचों-बीच गाय बैठी होने के बावजूद चालक ने ब्रेक लगाने के बजाय गाड़ी की रफ्तार बढ़ा दी।

वीडियो के आधार पर सफ़ेद स्कॉर्पियो का नंबर चिह्नित हुआ है। इस घटना को लेकर स्थानीय नागरिकों और पशु प्रेमियों में भारी आक्रोश है और वे आरोपी ड्राइवर की तत्काल गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं।

**इनका कहना है...**

'इस मामले में अभी थाने पर औपचारिक सूचना नहीं मिली है, लेकिन मामले का संज्ञान लेकर जांच कराई जा रही है। सीसीटीवी फुटेज और वाहन नंबर के आधार पर जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके अनुसार आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।'

**धर्मेन्द्र सिंह यादव**
थाना प्रभारी, गोला का मंदिर

# तेज रफ्तार कंटेनर ने एम्बुलेंस को मारी टक्कर

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर, 3 जुलाई।** पुरानी छावनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बरौआ के पास एक तेज रफ्तार कंटेनर के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए सामने से आ रही एक एम्बुलेंस में जोरदार टक्कर मार दी। इस भीषण भिड़ंत में एम्बुलेंस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, वहीं एम्बुलेंस चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल चालक की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी कंटेनर चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कैलारस (मुरैना) निवासी प्रमोद धाकड़ (24) पुत्र टीकाराम धाकड़ पेशे से एम्बुलेंस चालक है। वह सुबह मरीज को ग्वालियर अस्पताल छोड़कर वापस लौट रहा था। इसी दौरान बरौआ गांव के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार कंटेनर के चालक ने लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए सीधे एम्बुलेंस को टक्कर मार दी। हादसे में प्रमोद के सीने, कमर और दाहिने घुटने में गंभीर चोटें आई हैं। दुर्घटना देख मौके पर जुटे स्थानीय लोगों ने घायल चालक को तुरंत उपचार के लिए अस्पताल पहुँचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद पीड़ित ने थाने पहुंचकर आरोपी चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया।

**घायल मरीज को छोड़कर ग्वालियर लौट रही थी एम्बुलेंस, आरोपी कंटेनर चालक के खिलाफ मामला दर्ज**

## आवश्यक सूचना
(निःशुल्क सेवा)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि **सहारा क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसायटी लिमिटेड, सहारायन यूनिवर्सल मल्टीपरपज सोसायटी लिमिटेड एवं स्टार्स मल्टीपरपज कोऑपरेटिव सोसायटी लिमिटेड** में खुले खातों के भुगतान हेतु **माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा रिट पिटीशन संख्या (सी) 191/2022 (पिनक पाणी मोहंती बनाम यूनियन ऑफ इण्डिया एवं अन्य)** में दिए गए निर्णय के अनुपालन में सेन्ट्रल रजिस्ट्रार ऑफ कोऑपरेटिव सोसायटीज द्वारा संचालित रिफण्ड पोर्टल पर सोसायटी के सम्मानित सदस्यगणों का रजिस्ट्रेशन/आवेदन कराये जाने के उद्देश्य से ग्वालियर शहर में सोसायटी द्वारा एक कार्यालय खोला गया है, जहाँ से सिर्फ सम्मानित सदस्यों की सुविधा हेतु पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन एवं आवेदन का कार्य सोसायटी के कार्यकर्तागण द्वारा **निःशुल्क** किया जाएगा।

अतः ग्वालियर परिक्षेत्र के सम्मानित सदस्यगणों से अनुरोध है कि नीचे दिए गए पते पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर पोर्टल के माध्यम से भुगतान हेतु रजिस्ट्रेशन एवं आवेदन की निःशुल्क सुविधा का लाभ उठायें।

**यह सुविधा पूर्णतया निःशुल्क है।**

कार्यालय का पताः **मयूर प्लाजा, द्वितीय तल, (इण्डियन ओवरसीज बैंक के पीछे) ठाठीपुर, ग्वालियर, मध्य प्रदेश**

## बिजली संबंधी समस्याओं के लिए लगे 22 शिविर

**ग्वालियर 03 जुलाई।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा 'संपर्क अभियान' चलाया जा रहा है। इस क्रम में ग्वालियर एवं शहर वृत ग्वालियर के अंतर्गत 03 जुलाई को 22 शिविर लगाए गए। इन शिविरों में कुल 190 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 174 आवेदनों का निराकरण मौके पर ही किया गया। शेष आवेदनों के निराकरण की कार्यवाही की जा रही है।

## अधेड़ की ट्रेन से कटकर दर्दनाक मौत

**ग्वालियर, 3 जुलाई।** विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र के अंतर्गत विवेकानंद नीड़म रेलवे ट्रैक पर शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक हादसा सामने आया, जहाँ राशन की दुकान (कंट्रोल) से गेहूं लेने जा रहे एक अधेड़ की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुँचा और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पीएम हाउस भिजवाया। पुलिस जांच में मृतक की शिनाख्त सिंधिया नगर निवासी 50 वर्षीय रामवीर पुत्र रामहंस के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, रामवीर सुबह घर से सरकारी राशन की दुकान पर राशन लेने के लिए निकला था। रेलवे लाइन पार करते समय वह अचानक ट्रेन की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी है।

# कृषि विश्वविद्यालय बना राष्ट्रीय नवाचार केन्द्र

### युवाओं को मिलेगा 15 लाख का अनुदान

**ग्वालियर, 3 जुलाई।** नवाचारों और इनोवेटिव आइडियाज को प्रयोगशाला से निकालकर उद्योग जगत तक पहुँचाने की दिशा में राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्याय ग्वालियर को एक बड़ी राष्ट्रीय जिम्मेदारी मिली है। भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय ने विश्वविद्यालय को 'एमएसएमई आइडिया हैकाथॉन 6.0' के लिए आधिकारिक मेजबान संस्थान घोषित किया है।

इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता के आधिकारिक पोस्टर का विमोचन

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) अरविंद कुमार शुक्ला और विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. वाई.पी. सिंह द्वारा किया गया।

विश्वविद्यालय के कृषि व्यवसाय इनक्यूबेशन एवं उद्यमिता केंद्र एमएसएमई को इस राष्ट्रीय कार्यक्रम का सहयोगी बिजनेस इनक्यूबेटर बनाया गया है। केंद्र के नोडल अधिकारी डॉ. वाई.डी. मिश्रा ने बताया कि यह प्रतियोगिता भारत सरकार की 'एमएसएमई नवाचार योजना' के तहत आयोजित की जा रही है। इसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों, शोधकर्ताओं, नव उद्यमियों और स्वतंत्र नवप्रवर्तकों के अनूठे विचारों (आइडियाज) को प्रोटोटाइप से लेकर बाजार तक पहुँचाने में मदद करना है।

सीएआईई के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंकित रजक ने बताया कि विवि का ट्रैक रिकॉर्ड इस क्षेत्र में बेहतरीन रहा है। पिछले वर्ष भी केंद्र द्वारा समर्थित एक नव उद्यम को भारत सरकार से 12.50 लाख रुपये का अनुदान दिलाने में सफलता मिली थी। विवि प्रशासन ने क्षेत्र के विद्यार्थियों, शोधार्थियों, स्टार्टअप्स, एमएसएमई इकाइयों और स्वतंत्र नवप्रवर्तकों से इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाने और ऑनलाइन आवेदन कर देश के इस बड़े नवाचार अभियान से जुड़ने की अपील की है।

# छात्रा ने ट्रेन के आगे कूदकर दी थी जान

**पूर्व में हुए दुष्कर्म के मामले में समझौता करने का दबाव बना रहा था आरोपी**

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर, 3 जुलाई।** झांसी रोड थाना क्षेत्र के अंतर्गत रेलवे ट्रैक पर गत 14 जून की शाम को मिली एक 16 वर्षीय नाबालिग छात्रा की लाश के मामले में आज पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि छात्रा ने दुष्कर्म के आरोपी द्वारा लगातार दी जा रही प्रताड़ना और धमकियों से तंग आकर ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या की थी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

सिंधिया नगर निवासी मृतका और उसकी बहन नवंबर 2025 में लापता हो गई थीं, जिन्हें पुलिस ने मालनपुर से बरामद किया था। बच्चियों के बयानों के आधार पर पुलिस ने आरोपी नाबालिग और अजय आदिवासी के खिलाफ दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था। हाल ही में आरोपी जमानत पर बाहर आया था।

बाहर आते ही उसने मृतका को जबरन बात करने के लिए एक मोबाइल फोन दिया और कोर्ट में बयान बदलने तथा केस वापस लेने का दबाव बनाने लगा। आरोपी ने धमकी दी थी कि यदि केस वापस नहीं लिया तो वह उसके भाई को जान से मार देगा और उसे बदनाम कर देगा। इसी मानसिक प्रताड़ना से तंग आकर छात्रा ने आत्मघाती कदम उठा लिया।

**इनका कहना है...**

'जांच और परिजनों के बयानों के आधार पर आरोपी के खिलाफ नाबालिग को आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज कर उसे तत्काल गिरफ्तार कर लिया गया है।

**शक्ति सिंह यादव**
थाना प्रभारी, झांसी रोड

# भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित, रूट डायवर्ट : धनंजय

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर, 3 जुलाई।** शहर के नाका चन्द्रबदनी से विवेकानन्द चौराहा मार्ग पर सड़क निर्माण कार्य शुरू होने के कारण यातायात पुलिस द्वारा विशेष रूट डायवर्सन प्लान लागू किया गया है। यह व्यवस्था दिनांक 03 से 9 जुलाई तक प्रभावी रहेगी। यातायात को सुचारू बनाए रखने के लिए पुलिस ने एडवाइजरी जारी कर वाहन चालकों से सहयोग की अपील की है। यातायात पुलिस ग्वालियर, झांसी रोड थाना प्रभारी धनंजय शर्मा ने बताया कि नाका चन्द्रबदनी चौराहा से विवेकानन्द चौराहा की तरफ जाने वाले समस्त प्रकार के वाहन प्रतिबंधित रहेंगे। हालांकि, विवेकानन्द चौराहा से आने वाले वाहन नाका चन्द्रबदनी की तरफ आ सकेंगे। विवेकानन्द चौराहा की तरफ कोई भी बड़ा वाहन या ट्रक नहीं जा सकेगा। विक्की फैक्ट्री से झांसी रोड बस स्टैंड की तरफ जाने वाले सवारी वाहन, स्कूली बसें व भारी वाहन (ट्रक, ट्रैक्टर) विक्की फैक्ट्री से नाका चन्द्रबदनी की तरफ प्रतिबंधित रहेंगे। ये वाहन कैंसर पहाड़िया अथवा नाका चन्द्रबदनी चौराहा होकर आ सकेंगे। झांसी रोड बस स्टैंड से विक्की फैक्ट्री चौराहा की तरफ जाने वाली बसें (जो झांसी, दतिया, शिवपुरी जा रही हैं) विक्की फैक्ट्री होते हुए जा सकेंगी और इसी रास्ते से वापस आ सकेंगी। रोडवेज बस स्टैंड से शिवपुरी, गुना, दतिया, झांसी की तरफ जाने वाली बसें हेल्थ सेंटर से बायीं तरफ मुड़कर व्ही.सी. बंगला से अलकापुरी, कलेक्ट्रेट मार्ग से होते हुए अलाहपुर तिराहा से बाईपास पहुंचेंगी और सिकरौदा चौराहा होकर जा व आ सकेंगी।दिल्ली, आगरा, धौलपुर की तरफ जाने वाली बसें नाका चन्द्रबदनी से नीडम पुल होकर कलेक्ट्रेट से राजमाता चौराहा होते हुए आ-जा सकेंगी। यातायात पुलिस ग्वालियर, झांसी रोड थाना प्रभारी शर्मा? के अनुसार, यदि निर्माण के दौरान पूरा मार्ग बंद करने की आवश्यकता हुई, तो इसकी सूचना पहले से देकर नया वैकल्पिक मार्ग प्लान जारी किया जाएगा ताकि जनता को असुविधा न हो।

**नाका चन्द्रबदनी से विवेकानन्द चौराहा मार्ग पर हो रहा सड़क निर्माण**

# गौ पूजन कर बोले महेन्द्र : गौसेवा ही राष्ट्रसेवा है

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर, 2 जुलाई।** कृष्णपिंगला संकष्टी चतुर्थी के पावन अवसर पर भारतीय जनता पार्टी, मध्यप्रदेश के प्रभारी महेंद्र सिंह ने श्रीकृष्णायन आदर्श गौशाला, मुरार (ग्वालियर) में पहुँचकर संतों के सान्निध्य में भगवान श्रीगणेश का पूजन, गुरु वंदन एवं गौ-पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने गौशाला परिसर में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत पौधरोपण भी किया तथा गौसेवा एवं प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया।

लगभग एक घंटे तक गौशाला परिसर का पैदल भ्रमण करते हुए महेंद्र सिंह ने गोबर आधारित बायो-सीएनजी संयंत्र, नवनिर्मित गौशाला शेड, भूसा भंडार गृह, गोबर गैस प्लांट, गौमाताओं के विचरण क्षेत्र, आहार एवं जल व्यवस्था सहित विभिन्न प्रकल्पों का अवलोकन किया। उन्होंने व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए गौशाला के समग्र विकास के लिए महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए।

इस अवसर पर महेंद्र सिंह ने कहा कि 'गौसेवा ही राष्ट्रसेवा है।' उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार संतों के सम्मान, गौसंरक्षण, प्रकृति संरक्षण तथा भारतीय संस्कृति के संवर्धन के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्णायन आदर्श गौशाला देश की चुनिंदा गौशालाओं में से एक है, जहाँ लगभग 10,000 निराश्रित गौमाताओं की सेवा अत्यंत समर्पण और वैज्ञानिक व्यवस्थाओं के साथ की जा रही है।

उन्होंने कहा कि गौशालाएँ केवल गौसंरक्षण का केंद्र नहीं, बल्कि हरित ऊर्जा, प्राकृतिक कृषि, जैविक उत्पाद निर्माण, ग्रामीण रोजगार और सतत विकास की प्रयोगशालाएँ भी बन सकती हैं। महेंद्र सिंह का गौशाला आगमन पर भाजपा जिलाध्यक्ष श्री राजोरिया, कैबिनेट मंत्री नारायण सिंह कुशवाहा, सभापति मनोज तोमर, पूर्व विधायक मुन्ना गोयल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सत्येन्द्र शर्मा, पार्षद बृजेश श्रीवास सहित जनप्रतिनिधियों एवं गौसेवकों ने गोबर से निर्मित पर्यावरण-अनुकूल माला एवं अंग वस्त्र पहनाकर आत्मीय स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं गौसेवक सत्येन्द्र शर्मा ने किया तथा आभार प्रदर्शन सभापति मनोज तोमर ने व्यक्त किया।

## जीडीए पदाधिकारियों ने किया टीडीएस-4 का स्थल निरीक्षण

**ग्वालियर, 03 जुलाई।** ग्वालियर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष मधुसूदन भदौरिया, उपाध्यक्ष वेदप्रकाश शिवहरे एवं सुधीर गुप्ता के साथ ग्वालियर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी नरोत्तम भार्गव, प्राधिकरण के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने प्राधिकरण की महत्वाकांक्षी टीडीएस-4 (एयरपोर्ट साडा लिंक कॉरिडोर) परियोजना का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान परियोजना अंतर्गत प्रस्तावित एसटीपी एवं ओएसटी की लोकेशन का अवलोकन किया तथा परियोजना की प्रगति एवं विभिन्न तकनीकी एवं विकासात्मक पहलुओं की विस्तृत समीक्षा की। इस अवसर पर अध्यक्ष ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि परियोजना के समस्त कार्यों को सर्वोच्च गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में शीघ्र पूर्ण किया जाए, ताकि शहरवासियों को इस आधुनिक एवं जनहितैषी परियोजना का लाभ जल्द से जल्द प्राप्त हो सके।

## महापौर व पार्षदों का सम्मेलन 10 को

**ग्वालियर, 03 जुलाई।** नगर निगम ग्वालियर की अपील समिति के एक अनारक्षित सदस्य का निर्वाचन 10 जुलाई को होगा। निर्वाचन के लिये महापौर व पार्षदों का सम्मेलन इस दिन जल विहार फूलबाग स्थित नगर निगम परिषद कार्यालय में आयोजित किया जाएगा। मप्र नगर पालिक निगम अधिनियम, 1956 की धारा 403 की उपधारा (4) के तहत निर्वाचन की प्रक्रिया संपादित होगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) रुचिका चौहान द्वारा जारी सूचना के अनुसार निर्वाचन की कार्यवाही 10 जुलाई को अपराह्न 2:30 बजे प्रारंभ होगी। नाम निर्देशन पत्र अपराह्न 3:00 बजे से 3:30 बजे तक प्रस्तुत किए जा सकेंगे। इसके बाद 3:30 से 3:45 बजे तक नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा होगी। अभ्यर्थिता वापसी का समय अपराह्न 4 बजे तक निर्धारित किया गया है। यदि आवश्यक हुआ तो मतदान अपराह्न 4:00 बजे से 4:45 बजे तक कराया जाएगा। मतदान समाप्त होने के तुरंत बाद मतगणना कर परिणाम घोषित किया जाएगा।

# शहर की 5 और महिलाएं बनेंगीं 'शक्ति दीदी'

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर, 3 जुलाई।** महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने की दिशा में कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान द्वारा एक और कदम आगे बढ़ाया जा रहा है। दरअसल यह कदम मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा अनुसार जिले में संचालित शक्ति दीदी के नवाचार के तहत जरूरतमंद महिलाओं को रोजगार देकर आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में उठाया जा रहा है।

शक्ति दीदी के तहत जिले में मौजूद जरूरतमंद महिलाओं को पेट्रोल पंपों पर फ्यूल डिलेवरी वर्कर के रूप में नौकरी दिलाई जा रही है। शनिवार 4 जुलाई को कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान और जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी विभिन्न पेट्रोल पंपों पर पहुँचकर शहर की 5 जरूरतमंद महिलाओ को शक्ति दीदी के रूप में फ्यूल डिलेवरी वर्कर की जिम्मेदारी दिलायेंगे।

कलेक्टर दोपहर 12 बजे कमलाराजा हॉस्पिटल के सामने स्थित जैन मोटर्स कम्पू पर सुश्री हेमलता, सुश्री ललिता व सुश्री प्रियंका को शक्ति दीदी बनायेंगीं। इसके बाद गंगा फिलिंग स्टेशन वीरपुर पर अपर जिला दण्डाधिकारी सी बी प्रसाद, सुश्री आरती बघेल को एवं सिंहपुर रोड मुरार स्थित माँ पेट्रोलियम पर संयुक्त कलेक्टर श्रीमती जुही गर्ग, सुश्री मनीषा को शक्ति दीदी की जिम्मेदारी सौंपेंगीं।

फिलहाल जिले के विभिन्न पेट्रोल पंपों पर 118 शक्ति फ्यूल डिलेवरी वर्कर के रूप में शक्ति दीदी की भूमिका निभा रही है। पांच और महिलाओ की नियुक्तियों के बाद अब ये आंकड़ा बढ़कर 123 हो जायेगा।

**जरूरतमंद महिलाओं को मिलेगा रोजगार, आत्म निर्भर बनाने की दिशा में उठाया जा रहा है कदम**

# लायंस क्लब आस्था ने 13 विभूतियों का किया सम्मान

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर, 3 जुलाई।** लायंस क्लब आस्था ने समाज सेवा, चिकित्सा और वित्तीय क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाली 13 विभूतियों (11 चिकित्सकों एवं 2 सीए) के लिए एक भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्लब की अध्यक्ष लायन अनीता सिंह ने की। समारोह के मुख्य अतिथि निवर्तमान प्रांतपाल लायन सुधीर बाजपेई रहे। विशिष्ट अतिथियों में सहप्रान्तपाल द्वितीय लायन सी.एस. तोमर, चीफ एरिया डिस्ट्रिक्ट लीडर लायन अजय सपरा, आरसी राजेश वाटवानी और पूर्व आरसी सुनील शर्मा उपस्थित रहे। अतिथियों ने सभी सम्मानित व्यक्तित्वों को

स्मृति-चिन्ह एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर उनकी सेवाओं को सराहा।

मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि चिकित्सक समाज को स्वस्थ जीवन प्रदान करते हैं और चार्टर्ड अकाउंटेंट देश की आर्थिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाते हैं।

कार्यक्रम में लायंस क्लब आस्था से पूर्व जेड सी प्रीती सिंह, पूर्व अध्यक्ष संगीता जौहरी, रश्मि अग्रवाल, रेखा मथुरिया, सीमा बंसल, सचिव चंचल सिंह, कोषाध्यक्ष मीरा अग्रवाल, उपाध्यक्ष सुमन गोयल, रोमा जैन, सरोज अग्रवाल, आरती पटेल एवं उपासना शर्मा सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

**समारोह में ये हुए सम्मानित**

डॉ. अनुग्रह दुबे कंसलटेंट फिजिशियन, आर.जे.एन. अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल, डॉ. धर्मेन्द्र गर्ग सीनियर इमरजेंसी मेडिकल ऑफिसर, आर.जे.एन. अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल, डॉ. आलोक दीक्षित सलाहकार न्यूरोसर्जन, आर.जे.एन. अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल, डॉ. गरिमा गर्ग सम्पुरा फिजियोथैरेपी एंड रिहैबिलिटेशन डॉ. आशीष जॉर्ज - लिवर ट्रांसप्लांट सर्जन व प्रिंसिपल डायरेक्टर, फोर्टिस हॉस्पिटल (शालीमार बाग) डॉ. साधना पांडे माइक्रोबायोलॉजिस्ट, बिड़ला नगर हॉस्पिटल, सी.ए. विकास गुप्ता- चार्टर्ड अकाउंटेंट, सी.ए. संजय जैन- चार्टर्ड अकाउंटेंट

# कट्टा और जिंदा कारतूस के साथ बदमाश गिरफ्तार

**ग्वालियर/डबरा, 3 जुलाई।** अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत डबरा सिटी थाना पुलिस ने एक मुस्तैद कार्रवाई करते हुए वारदात की नीयत से खड़े एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है। बदमाश के कब्जे से 315 बोर का देशी कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। एसडीओपी डबरा सौरभ कुमार के नेतृत्व में थाना प्रभारी डबरा सिटी उपनिरीक्षक संजय शर्मा ने पुलिस टीम को झांसी रोड स्थित नहर की पुलिया के पास भेजा। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर संदिग्ध हुलिए के युवक को दबोचा। तलाशी लेने पर उसकी कमर से 315 बोर का देशी कट्टा और पेंट की जेब से जिंदा कारतूस मिला। आरोपी ने अपना नाम सुरेश उर्फ पिंकी रावत (उम्र 34 वर्ष, निवासी ग्राम दौनी, शिवपुरी; हाल नाका चंद्रबदनी, ग्वालियर) बताया।

डबरा सिटी थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध क्र. 345/26 के तहत धारा 25/27 आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अब आरोपी से अवैध हथियार की खरीद-फरोख्त की पूछताछ कर रही है।

**डबरा सिटी पुलिस की अवैध हथियार के खिलाफ कार्रवाई**